तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026

12 नगर में 15 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



12 दसवीं, बारहवीं और आईटीआई उत्तीर्ण छात्रों के लिए रोजगारोन्मुखी निःशुल्क कोर्स 1 अप्रैल से प्रारंभ



## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# जल संसाधन विभाग गांव-गांव में लगा रहा सिंचाई राजस्व वसूली शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

अलग खबर

जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों से सिंचाई के लिए किसानों से इन दिनों जलकर वसूली की जा रही है। इस राजस्व का उद्देश्य सिंचाई और अवसंरचना के पर रखरखाव संचालन और प्रबंधन की लागत को पूरा करना है। समय पर भुगतान न करने पर बकाया राशि भी वसूली जाती है, जिसके लिए विशेष अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में जल प्रबंधन उपसंभाग क्रमांक 7 के 115 गांवों में सोमवार से शनिवार तक सिंचाई राजस्व वसूली शिविर लगाया जा रहा है।

वहीं जलकर राशि जमा नहीं किए जाने पर जल प्रबंधन उपसंभाग क्रमांक 7 के अनुविभागीय अधिकारी ए के नागपुरे ने संबंधित क्षेत्र के समिति प्रबंधकों को जिन-जिन किसानों के द्वारा जलकर राशि जमा नहीं किया है। उनको ऋण खाद बीज स्वीकृत नहीं करने पत्र लिखा गया है।

### कर्मचारियों की ड्यूटी लगी

जल प्रबंध उपसंभाग क्रमांक 7 के अंतर्गत 115 गांवों के लिए सोमवार से शनिवार तक जलकर वसूली के लिए चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें अमीन, सिंचाई निरीक्षक धनेश्वर निर्मलकर सोमवार को गिरतकेरा, सेम्हराडीह, पिपराही, चंडी, सरसेनी, मंगलवार को बेल्हा, चिचोली, खम्हरिया, बुधवार को गाड़ाभाठा, मोपर, गुमा, गुरुवार को नेवारी, फुलवारी, मल्दी, देवरानी, शुक्रवार को भोथाडीह, सरकीपार, फुण्डरडीह, एवं शनिवार को चूचरुंगपुर, सरसेनी, खपरी, पुरान औरासी एवं छीराही। इसी तरह हरीश कुमार वर्मा अमीन के द्वारा सोमवार को आलेसुर, परसदा, परसवानी, मंगलवार को साराडीह, बरडीह, सेम्हराडीह, मधईपुर, सहित शनिवार तक 26 गांव कार्तिकराम ध्रुव सोमवार से शनिवार तक 17 गांव एवं शैलेंद्र त्रिवेदी की सोमवार से शनिवार तक डमरू, खरचा, भद्रा सहित 20 गांवों में जलकर वसूली के लिए ड्यूटी लगाई गई है।



## समस्या : खोरी निवासी नायक दंपति सरकारी प्रक्रिया से हुआ बेजार

# अमानवीय हरकत, वृद्ध दंपति को पुत्र के बाद आशा निकेतन से भी निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

रिश्तों की मर्यादा और मानवता को शर्मसार करने वाला एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है। बरमकेला विकासखंड के ग्राम खोरी निवासी एक वृद्ध दंपति, गोरखनाथ नायक और उनकी पत्नी पद्मा अपनों के साथ-साथ अब सरकारी सिस्टम की बेरुखी की मार झेल रहे हैं। बेटे की मारपीट से तंग आकर घर छोड़ने वाले इस बेबस दंपति को सारंगढ़ के आशा निकेतन वृद्धाश्रम से भी बाहर निकाल दिया गया है।

पीड़ित गोरखनाथ नायक ने बताया कि उनका बेटा नशाखोरी का आदी है। नशे की हालत में वह अपने वृद्ध माता-पिता के साथ अक्सर मारपीट और अभद्र व्यवहार करता था। अपने ही घर में असुरक्षित महसूस करने के कारण शारीरिक रूप से कमजोर इस वृद्ध दंपति को अपना घर छोड़ना पड़ा। इसी वर्ष 12 जनवरी को उन्हें सारंगढ़ के आशा निकेतन वृद्धाश्रम में शरण मिली थी।

गोरखनाथ का आरोप है कि करीब दो महीने तक वहां रहने के बाद 14 मार्च को आश्रम के जिम्मेदार लोगों ने उनके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करते हुए उन्हें धक्के मारकर बाहर निकाल दिया। बेबस दंपति जब अपनी गुहार लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, तो उन्हें वापस आशा निकेतन भेजने के बजाय सियान सदन जाने की सलाह दी गई।



### कलेक्टर और कोतवाली में न्याय की गुहार

अपने साथ हुए इस अमानवीय कृत्य के खिलाफ गोरखनाथ ने 16 मार्च को सारंगढ़ कलेक्टर और सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। 17 मार्च को पुनः जनदर्शन में आवेदन देकर उन्होंने दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित का सवाल है कि एक सरकारी वृद्धाश्रम से बिना किसी ठोस कारण के वृद्धों को क्यों निकाला गया?, अधिकारियों ने इस पीड़ित दंपति की सुध समय पर क्यों नहीं ली? और जंगल में छोड़ने वाली घटना के पीछे किसका हाथ है? फिलहाल यह पूरा मामला प्रशासनिक जांच के दायरे में है। समाज के सजग नागरिकों ने मांग की है कि आशा निकेतन के जिम्मेदार अधिकारियों और इस पूरी घटना के दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि किसी अन्य बुजुर्ग को ऐसी प्रताड़ना न झेलनी पड़े।

### जंगल में छोड़ने की साजिश

*मामले में सबसे चौकाने वाला मोड़ तब आया जब वृद्ध महिला पद्मा ने बताया कि जब वे थाने में थे, तब एक अज्ञात व्यक्ति उन्हें घर छोड़ने के बहाने अपनी चार पहिया गाड़ी में बैठाकर ले गया, लेकिन उन्हें घर पहुंचाने के बजाय बरमकेला के जंगलों में लावारिस छोड़ कर भाग निकला। आखिर वह व्यक्ति कौन था और किसके इशारे पर वृद्धों को जंगल में छोड़ा गया, यह जांच का बड़ा विषय है।*

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक युवक की मौत







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



गिधौरी से सारंगढ़ मुख्य मार्ग पर ग्राम घटमड़वा के नहर के पास बीते मंगलवार रात करीबन 7.30 बजे को अज्ञात वाहन ने बाइक चालक को जबरदस्त ठोकर मारकर फरार हो गया है। बाईक चालक की सिर कुचलने से मौके पर मौत हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिधौरी से सारंगढ़ भटगांव मुख्य सड़क मार्ग पर तकरीबन 7.30 बजे के आसपास ग्राम घटमडवा के नहर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक चालक तिलकराज केवट अपनी बाईक क्र.सी जी 13 के 3671 को अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार से जबरदस्त ठोकर मार दी। इससे बाइक चालक की सिर कुचलने से घटना स्थल पर मौत हो गई और अज्ञात वाहन घटना स्थल से फरार हो गया। मृतक तिलकराज केवट पिता लखन केवट 21 वर्ष ग्राम अमलडीहा, टुण्डरी थाना बिलाईगढ़ जिला बिलाईगढ़ सारंगढ़ निवासी है, जो किसी काम से शिवरीनारायण गिधौरी आये हुये थे और वापस अपने गांव अमलडीहा जा रहा था। उसी बीच ग्राम घटमडवा के नहर के बीच हादसा का शिकार हो गया। मृतक की शव को तत्काल एम्बुलेंस से रात को ही कसडोल सामुदायिक केंद्र ले जाया गया। बुधवार सुबह मृतक की शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल घटना की जानकारी गिधौरी को दिया गया है और मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप

### क्रांकीट सड़क निर्माण के लिए नपा अध्यक्ष व पार्षद ने किया भूमिपूजन



**बलौदाबाजार।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 17 में सीमेंट क्रांकीट सड़क निर्माण हेतु नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद सलमान शेख की मांग के अनुरूप उक्त सड़क निर्माण किए जाने से वार्ड वासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस सड़क निर्माण के लिए 6.75 लाख की लागत से कार्य कराया जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। ड़क निर्माण कार्य से वार्ड वासियों में प्रसन्नता का माहौल है व सभी निवासी जनों ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन व पार्षद सलमान शेख के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया | क्रांकीट सड़क निर्माण हेतु वार्ड क्रमांक 17 के भूमि पूजन के अवसर पर पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल, एवं वार्ड वासी साबिर खान, लखन देवांगन, कमालुद्दीन, आदित्य कसार, सुरेश देवांगन, सहित अन्य वार्ड वासी एवं नागरीकरण उपस्थित थे।

### आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री रामविचार से की मुलाकात



**पलारी।** सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को मंत्री रामविचार नेताम से कार्यालय नवा रायपुर विधानसभा भवन में मुलाक़ात की, जिसमें पिछले वर्ष 24 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती शहादत दिवस जिला आडिटोरियम कार्यक्रम बलौदाबाजार में मंत्री द्वारा पूर्व में घोषित नगर पंचायत पलारी में सर्व सुविधा युक्त सामुदायिक भवन की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा, जिस पर मंत्री द्वारा त्वरित कार्यवाही करने की बात कही। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला सचिव थानू ध्रुव, अध्यक्ष युवा प्रभाग पलारी अजय ध्रुव, संरक्षक युवा प्रभाग पलारी कृष्णा ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# जिले के 1 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिल भुगतान में मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कई बार आर्थिक कठिनाइयों के कारण उपभोक्ता बिजली बिल बकाया रह जाता है और समय के साथ उस पर बिजली बिल में अधिभार बढ़ता जाता है।

बिजली उपभोक्ताओं की इस समस्या का समाधान हेतु राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना शुरू किया गया है। इस योजना के तहत जिले के 119072 उपभोक्ता बिजली बिल की मूल राशि एवं अधिभार राशि में छूट का लाभ ले सकेंगे। इसमें बीपीएल 55190, घरेलू 52788 एवं कृषि कनेक्शन 11094 उपभोक्ता शामिल है। इन उपभोक्ताओं के लगभग 27 करोड़ 35 लाख बिजली बिल भुगतान बकाया है। योजना के तहत बीपीएल परिवारों को मूल राशि में 75 प्रतिशत, घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को 50-50 प्रतिशत छूट मिलेगी। अधिभार राशि में सभी वर्ग के उपभोक्ताओं को शत प्रतिशत छूट मिलेगी। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार एकमुश्त भुगतान या किस्तों में भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को अपना पंजीयन कराना आवश्यक होगा। यह पंजीयन बिजली विभाग की वेबसाइट, मोबाइल एप या नजदीकी कार्यालय में जाकर कराया जा सकता है। योजना की जानकारी एवं उपभोक्ता पंजीयन हेतु सीएसपीडीसीएल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 19 मार्च से शिविर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए उपभोक्ता केंद्रीकृत कॉल सेंटर के टोल-फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं या अपने नजदीकी सीएसपीडीसीएल कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना में पंजीयन के लिए लगाया जायेगा शिविर**

### विशेष ग्रामसभा में जल संचय और संरक्षण की ली शपथ



**बलौदाबाजार** | कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर बुधवार को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में विशेष रूप से मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 अंतर्गत जल संचयन को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही उपस्थितों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। ग्राम सभा में ग्राम पंचायतों में स्थापित ग्रामीण पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं संधारण हेतु जल प्रभार के निर्धारण का प्रस्ताव पारित कर ग्राम सभा में अनुमोदन किया गया। जल प्रभार की समस्त प्राप्तियां संग्रहित करने के लिए संबंधित पंजियों का संधारण, पेयजल गुणवत्ता परीक्षण पंजी तथा निरीक्षण पंजी के संधारण हेतु चर्चा, ग्राम पंचायतों में निर्मित समस्त प्रधानमंत्री आवासों में शत प्रतिशत रूफ टॉप रैन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाये जाने हेतु संकल्प पारित किया गया। इसके साथ ही अन्य विषयों ओर भी चर्चा की गई। ग्राम सभा के सफल आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया था। नोडल अधिकारियों ने सम्बधित ग्राम सभा में उपस्थित होकर कार्यवाही में शामिल हुए और जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

# राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयर हॉउस का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बुधवार को राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईव्हीएम क़क्ष की साफ-सफाई एवं एंटीटर्माईट उपचार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों ने उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के उपरांत वेयर हॉउस के 5 कक्षों में रखे गए ईव्हीएम का बारी -बारी से निरीक्षण किया। ये सभी ईव्हीएम लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रयुक्त हुए थे। इस दौरान साफ -सफाई एवं सीपेज़ की समस्या दूर करने के निर्देश अधिकारियो को दिये गए। इसके पश्चात सीसीटीवी मॉनिटरिंग रूम में सीसीटीवी कैमरो के फीड एवं टाइमिंग का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित विभिन्न राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## आहरण और संवितरण में बढ़ेगी पारदर्शिता

# ई-चालान प्रक्रिया का अफसरों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आगामी 1 अप्रैल से सभी शासकीय कार्यालयों में ऑनलाइन चालान जमा किये जाएंगे। ओटीसी (ओवर द काउंटर) के माध्यम से ऑनलाइन चालान जमा करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में बुधवार को जिला कोषालय द्वारा आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया।

प्रशिक्षण में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से चालान जमा करने की प्रक्रिया को सूक्ष्मता से समझने के लियये प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। मैनुअल पद्धति से चालान जमा करने में जो त्रुटियां होती थी वह ऑनलाइन माध्यम से नहीं होगी। इसमें सही मद का चयन करना महत्वपूर्ण होगा। बैंक और कोषालय में पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद अपने कार्यालय में हैंडस ऑन अभ्यास भी करें ताकि उपयोग अधिक व्यवहारिक हो सके।

बताया गया कि संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा भौतिक चलानों को समाप्त कर ऑनलाइन माध्यम से ही चालान जमा करने हेतु ओटीपी की सुविधा गत वर्ष से लागू की गया है।ई -कोष पोर्टल अंतर्गत ई चालान मॉड्यूल के माध्यम से चालान जमा करने की सुविधा है। ई- चालान पोर्टल पर चालान जमा करते समय चालान का डाटा बैंक को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाता है जिससे बैंक स्तर पर पुनः चालान प्रविष्टि की त्रुटियां नहीं रहती। इस दौरान जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा सहित विभिन्न विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी उपस्थित थे।

### 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा कार्य







# स्कूल परिसर से 200 मीटर के दायरे में तंबाकू बिक्री पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



रायपुर कलेक्टर के निर्देशानुसार विद्यालय परिसर के 200 मीटर के दायरे में तंबाकू, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध में 18 मार्च को विद्यालय प्रबंधन द्वारा आसपास के दुकानदारों की बैठक आयोजित कर स्पष्ट निर्देश जारी किए गए। बैठक में दुकानदारों को अवगत कराया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्र में तंबाकू या अन्य नशीले पदार्थों का विक्रय करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई हेतु प्रकरण उच्च कार्यालय को भेजा जाएगा। साथ ही प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में सीधे कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, संस्था प्रमुख रजनी मिंज, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन तथा सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए इस प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रशासन द्वारा सतत निगरानी रखी जाएगी, ताकि परिसर के आसपास नशामुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## खबर संक्षेप



### संचालक पद पर लगातार चौथी बार निर्वाचित हुए गौरव

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति के 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए हुए निर्वाचन में मतदान प्रक्रिया का पालन करते हुए सदस्यों ने पदाधिकारियों का चयन किया। संचालक पदों के साथ अध्यक्ष व सचिव के लिए हुए निर्वाचन में संचालक पद के लिए गौरव चंद्राकर ने बतौर उम्मीदवार 14 मार्च को नामांकन दाखिल किया एवं 418 मत प्राप्त करते हुए लगातार चौथी बार संचालक पद चुने गए। वहीं अध्यक्ष राहुल चंद्राकर एवं सचिव पद पर कमलेश चंद्राकर ने पुनः एकतरफा जीत दर्ज की है।

### मिनी स्टेडियम में विविध आयोजन आज

**महासमुंद**। स्वान यूथ क्लब द्वारा 19 मार्च 2026 को मिनी स्टेडियम में हिंदू नववर्ष अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत हनुमान चालीसा पाठ, दीप प्रज्ज्वलन, प्रसाव वितरण एवं रंगोली का निर्माण किया जाएगा।

### हर्ष का नवोदय विद्यालय में चयन

**झलप**। सेंट थॉमस स्कूल झलप के छात्र हर्ष ध्रुव पिता बोधन ध्रुव



शिक्षक का चयन नवोदय विद्यालय सरायपाली के लिए हुआ है। हर्ष की नवोदय विद्यालय की तैयारी मनीष चंद्राकर शिक्षक के मार्गदर्शन में हुआ। साथ ही नारायण देवांगन उज्वल लक्ष्य के ऑनलाइन क्लास के साथ सुपर 40 बागबाहरा के माध्यम से तैयारी कर रहा था। हर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता गुरुजनों के साथ अपने विद्यालय के शिक्षकों को भी दिया है। हर्ष के चयन होने पर सतीश तिवारी संकुल समन्वयक के साथ साथ डूमरपाली झलप संकुल के सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### नवंबर माह के 650 हितग्राहियों को नहीं मिला चावल

**बिरकोनी**। शासकीय उचित मूल्य दुकान बिरकोनी में 1700 राशन कार्ड हितग्राही हैं। जिसमें 1050 हितग्राहियों को नवंबर माह का राशन वितरण किया गया। वहीं सेल्समैनों की हड़ताल के चलते 650 हितग्राही राशन से वंचित हुए। जिसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में रामाधार यादव ने की है।

## निधन

### विशंभर साहू

**सरायपाली**। ग्राम किसडी निवासी



विशंभर साहू शिक्षक जो लंबे समय तक सरायपाली क्षेत्र में पदस्थ रहे। उनका आकस्मिक निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम किसड़ी में किया गया है। वे डॉ लंबोदर साहू एवं लक्ष्मीधर साहू के बड़े भाई थे।

# जब उम्मीद लौटी नन्हें सिद्धार्थ को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के तांडी परिवार के लिए जीवन उस समय गहरे संकट में आ गया, जब उनका 1 वर्ष 2 माह का नन्हा बेटा सिद्धार्थ तांडी एक गंभीर जन्मजात हृदय रोग से जूझता पाया गया। इतनी कम उम्र में ही बच्चे की नाजुक स्थिति ने परिवार को भीतर तक झकझोर दिया। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण महंगे इलाज की संभावना उनके लिए लगभग असंभव थी। हर दिन चिंता और हर रात अनिश्चितता के बीच गुजर रही थी, और माता-पिता के मन में बस एक ही प्रश्न था, क्या उनका बेटा स्वस्थ हो पाएगा।

इसी निराशा के बीच राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की शहरी चिरायु टीम आशा की किरण बनकर सामने आई। आंगनवाड़ी केंद्र में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान टीम ने सिद्धार्थ की गंभीर स्थिति को तुरंत पहचान लिया। तत्परता दिखाते हुए बिना समय गंवाए



उसे निःशुल्क उपचार हेतु चिन्हित किया गया और आगे की चिकित्सा प्रक्रिया शुरू कराई गई। शहरी चिरायु टीम के मार्गदर्शन में सिद्धार्थ को रायपुर स्थित नारायणा एमएमआई हॉस्पिटल में रेफर किया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच उपरांत ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता बताई गई। यह क्षण परिवार के लिए बेहद भावुक और चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इस बार उनके साथ था विश्वास, सरकारी योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज और अनुभवी डॉक्टरों की देखरेख, डॉक्टरों के कुशल प्रयास और समय पर मिले उपचार से सिद्धार्थ की सफल सर्जरी की गई। ऑपरेशन के बाद लगभग 10 दिनों तक उसे विशेषज्ञों की निगरानी में रखा गया, जहां धीरे-धीरे उसकी सेहत में सुधार होने लगा। अंततः सिद्धार्थ को पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

आज वही नन्हा सिद्धार्थ अपने घर में हंसता-खिलखिलाता नजर आता है। उसकी मुस्कान अब उसके परिवार के लिए सबसे बड़ी खुशी बन चुकी है। जो आंखें कभी चिंता और आंसुओं से भरी थीं, आज उनमें सुकून और कृतज्ञता झलकती है। परिजन भावुक होकर कहते हैं कि यदि शहरी चिरायु टीम समय पर नहीं पहुंचती, तो शायद उनका बेटा आज उनके साथ नहीं होता। इस सफलता के पीछे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव का मार्गदर्शन एवं शहरी चिरायु टीम डॉ. सुजाता शुक्ला, डॉ. विकास चौहान, चंद्रकला साहू सहित पूरी टीम का समर्पण का विशेष सहयोग रहा।



### जिले के शिक्षक कर्मवीर रत्न से सम्मानित किए गए

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ शिक्षक कला प्रतिभा एकेडमी द्वारा रायपुर के वृंदावन हाल में आयोजित शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में महासमुंद जिले शिक्षक कला प्रतिभा एकाडमी के शिक्षकों को मुख्य अतिथि मोना सेन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फिल्म बोर्ड सभाध्यक्ष कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़ के हाथों कर्मवीर रत्न से इन शिक्षकों को शाल प्रशस्ति पत्र व मोमेन्टो भेंटकर सम्मानित किए गए। सम्मानित होने शिक्षक कला प्रतिभा एकाडमी महासमुंद के संरक्षक संतोष कुमार साहू, व्याख्याता डाइट अध्यक्ष प्रमोद कुमार कन्नौजे, व्याख्याता उपाध्यक्ष रेखराम पटेल, डिगम लाल साहू, नीलू चंद्राकर, सचिव अंजू ध्रुव, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार साहू, संगठन महामंत्री राम प्रसाद साहू, सलाहकार संतोष कुमार जलक्षत्री, सह सचिव निहारिका चंद्राकर, सह सचिव गिरीश कुमार पाढ़ी, शिक्षक फूलेश्वरी दीवान शामिल है।



### चोपड़ा को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**महासमुंद**। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, महासमुंद के पूर्व विधायक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा को भाजपा छग प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नियुक्त किए जाने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ चोपड़ा से भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उपस्थित भाजपा नेताओं ने डॉ विमल चोपड़ा के संगठनात्मक कौशल और जनसेवा के प्रति उनके अटूट समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश कार्यसमिति में उनकी नियुक्ति से न केवल जिले में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि प्रदेश स्तर पर पार्टी और अधिक मजबूत होगी। डॉ चोपड़ा ने कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई इस नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता हनीश बग्गा, गोविंद सिंह ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि मनीष शर्मा, नईम खान, राकेश सचदेव, विक्की गुरुदत्ता, मेघराज चंद्रसेन, पार्षद माखन पटेल, सुरेंद्र ठेठवार, महेंद्र सिक्का एवं रेखा बेहरा उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित

**महासमुंद**। जिले में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 का परिणाम नवोदय विद्यालय समिति, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया गया है। जिसे जवाहर नवोदय विद्यालय के सूचना पटल एवं अधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है। नवोदय विद्यालय समिति से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा की प्रावधिक चयन सूची प्राप्त हो चुका है, जिसका परीक्षण उपरांत अंतिम चयन सूची जारी किया गया है। यह भी अवगत कराया गया है कि कक्षा 6वीं में प्रवेश की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से ही संपादित की जाएगी। समिति द्वारा बताया गया है कि मुख्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय से आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त होने तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जाएगी।

# नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए नरतोरी स्कूल से तीन बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना



शासकीय प्राथमिक शाला नरतोरी संकुल मुनगासेर से तीन बच्चों तन्मय दीवान पिता अश्वनी कुमार दीवान, नीरज ठाकुर पिता बीरेंद्र कुमार ठाकुर और चनेश चक्रपाणि पिता शिवनारायण चक्रपाणि का चयन नवोदय विद्यालय सरायपाली के लिए हुआ है। विद्यालय के शिक्षक अतिरिक्त समय निकालकर बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराते आ रहे है और इसका परिणाम है कि नरतोरी से तीन बच्चों का चयन हुआ हैं।

ज्ञात हो कि यहां से हर वर्ष बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय व एकलव्य विद्यालय के लिए चयनित हो रहे हैं। उनकी इस सफलता से शाला परिवार गौरवान्वित है। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और माता - पिता के आशीर्वाद को दिया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर प्राथमिक शाला नरतोरी के प्रधान पाठक लिलेश्वर दीवान, शिक्षक अश्वनी कुमार दीवान, नोहर दीवान, रामचंद्र साहू शाला के पूर्व शिक्षक, केदारनाथ साहू, राजेंद्र कुमार साहू, सरपंच, सावित्री नीलकमल बरिहा, उपसरपंच घनश्याम चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य ममता रमेश चंद्राकर, बीईओ केके वर्मा, एबीईओ रामता डे, बीआरसी भूपेश्वरी साहू, मुनगासेर प्राचार्य कौशल चंद्राकर व रूम टू रीड संस्था से गजाधर देशमुख, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कोमलमणि चक्रधारी, शिक्षाविद बीरेंद्र कुमार ठाकुर, पूर्व संकुल समन्वयक नैनसिंह चक्रधारी, संकुल समन्वयक हंसराज भारद्वाज के साथ संकुल केंद्र मुनगासेर व मोंगरापाली के साथ सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### बारिश, ओला से आम, महुआ फसल को नुकसान



**नर्रा**। पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के असर क्षेत्र में मंगलवार को अलसुबह और शाम को अंधड़ एवं ओले के साथ बारिश हुई। हलांकि, मौसम में बदलाव के कारण दिन में धूप छांव का दौर रहा। क्षेत्र में आंधी ओले के साथ बारिश से आम, महुआ फूल, सब्जी फसल को नुकसान हुआ है।

# शिक्षक राम प्रसाद साहू कर्मवीर रत्न से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन 15 मार्च रविवार को वृंदावन हाल सिविल लाईन रायपुर में किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि मोना सेन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम रही, कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे विराजमान रही। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित



शिक्षकों, समाज सेवी, साहित्यकार, कला, संस्कृति व महिला ससक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महान विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन संकुल केंद्र नर्रा विकासखंड बागबाहरा के कबाड़ से जुगाड़, नवाचारी, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित शिक्षक राम प्रसाद साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र, मोमेन्टो व शाल भेंट कर कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षक साहू को सम्मान मिलने पर अधिकारी कर्मचारी, इष्ट मित्र, छत्तीसगढ़ शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के संस्थापक संजय कुमार मैथिल, अध्यक्ष मीना भारद्वाज एवं सभी पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है। इस प्रकार शिक्षक राम प्रसाद साहू को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी जिले का सलाहकार बनाये जाने पर जिले पदाधिकारियों एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के समस्त पदाधिकारियों के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में प्राथमिक शाला मोहगांव के दस बच्चे चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव, विकासखंड पिथौरा जिला महासमुंद से जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में दस बच्चों का चयन हुआ है। चयनित बच्चों में युवराज पटेल, तुषार दास मानिकपुरी, प्रकृति प्रधान, षष्टिका प्रधान, दीक्षा साहू, भावना प्रधान, नितिन नायक, चेतना मुटकिया, असंख्य कुमार भोई, साहिल सिंह सिदार सम्मिलित हैं।

शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव में पिछले तीन वर्षों में विद्यालय के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान के कुशल




मार्गदर्शन में नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में 43 बच्चों का चयन हुआ है। इन बच्चों के चयनित होने पर ग्राम पंचायत मोहगांव के सरपंच विजय बारीक, शाला प्रबन्धन समिति अध्यक्ष यशवंत बारीक, विकास खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डड़सेना, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नरेश पटेल, हाईस्कूल के प्राचार्य जगदीश कुमार उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रविलाल प्रधान ने हर्ष जताया है। साथ ही विद्यालय के शिक्षक गौरीशंकर पंडा, विजय कुमार नाग, कविता बढ़ाई, नीलिमा साहू, सालिकराम बंजारे, अहीर कुमार बरिहा, ईश्वरी पटेल, बैसाखुराम भोई, लालकुमार कुर्रे और ग्राम मोहगांव के रोहित प्रधान, प्रणव प्रधान, मोहन साहू, जगतराम साव, टिकमलाल प्रधान, रमेश प्रधान, तेजराज प्रधान, बलदेव बारीक, टिकेलाल भोई सहित समस्त पंचायत प्रतिनिधि, समिति सदस्यों ने हर्ष जताया है।

### शहीद स्मारक में चलाया स्वच्छता अभियान



**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। शहीद स्मारक के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने बताया कि शहीद स्मारक के आसपास जगह पर साफ सफाई किया एवं शौर्य मैराथन का आयोजन हमारे देश के शहीदों के सम्मान में 22 मार्च 2026 को प्रातः 06 पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद और मनोरमा आयल प्लांट द्वारा किया जा रहा है।

# शासकीय महाविद्यालय में मिलेट्स फूड फेस्टिवल का हुआ आयोजन



**सरायपाली**। वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में श्रीअन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में श्रीअन्न (मिलेट्स) के पोषण, स्वास्थ्य एवं उपयोगिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना एवं राज्यगीत के साथ किया गया। सरस्वती वंदना एवं राज्यगीत का गायन सविता भोई एवं एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर जंतु विज्ञान ने किया। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के प्राचार्य एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को श्रीअन्न (मिलेट्स) के पोषणात्मक गुणों एवं दैनिक जीवन में इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संयोजक के रूप दीपक कुमार सहायक प्राध्यापक भौतिकी, आयोजन समिति में आरके पटेल सहायक प्राध्यापक गणित, हेमलता पटेल सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र के साथ महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर बाघ ने किया।



### सम्हर स्कूल में न्योता भोज एवं विदाई कार्यक्रम

**तेंदूकोना**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सम्हर में बीते दिनों न्योता भोज एवं कक्षा 8वीं के बच्चों का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संकुल समन्वयक गेंदराम ठाकुर के साथ साथ प्राथमिक शाला सम्हर के प्रधान पाठक केवलदास साहू, आरती ठाकुर, प्राथमिक शाला धरमपुर के प्रधान पाठिका पूनम ठाकुर, प्राथमिक शाला कोटनपाली शिक्षक मोहर मरकाम, प्राथमिक शाला बिराजपाली शिक्षक लीलाराम दीवान, प्राथमिक शाला सराईपाली के प्रधान पाठक गजेंद्र कुमार फुटान, हिरदेश्वर प्रसाद पटेल, यशवंत लाल साहू, अदिति इफ्राइम, शाला अध्यक्ष चंदन निर्मलकर, रसोइया तिरीथ बाई साहू, दामिनी यादव, स्वीपर वीरेंद्र कुमार गोरले आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेश कुमार तांडे एवं आभार प्रकट अनिल चक्रधारी ने किया।

# भाजपा नेताओं ने किया अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान का निरीक्षण, आगे वृहद श्रमदान की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा नेताओं ने सितली नाला क्षेत्र का दौरा कर स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा चलाए जा रहे 'अविरल सितली निर्मल सितली' अभियान के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा यहाँ बड़े स्तर पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया



जाएगा उपस्थित लोगों ने स्थानीय नागरिकों एवं समस्त कार्यकर्ताओं से इस नेक कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक महासमुंद व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ विमल चोपड़ा सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता हनीश बग्गा, गोविंद सिंह ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि मनीष शर्मा, भाजपा नेता नईम खान, राकेश सचदेव, विक्की गुरुदत्ता, मेघराज चंद्रसेन, पार्षद माखन पटेल, महेंद्र सिक्का, सुरेंद्र ठेठवार उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का निर्वाचन 12 को

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का निर्वाचन 12 अप्रैल को होगा। 24 जिला से 15928 आजीवन सदस्य प्रबंधकारिणी समिति के 7 पदों पर मतदान करेंगे। जिला स्तर पर 55 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के संस्थापक सदस्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुकालू राम यदु एवं जगत राम यादव द्वारा समाज के प्रबंध कारिणी समिति के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी किया गया है। जिसमें इन पदों पर निर्वाचन होगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव के एक एक पद एवं सदस्य 2 पद मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन एवं त्रृटि सुधार 18 मार्च से 20 मार्च तक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला क्रमवार 21 मार्च उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल, 22 मार्च से 25 मार्च उम्मीदवार के सूची का प्रकाशन, 26 मार्च नाम वापसी 27 मार्च उम्मीदवार के अंतिम सूची का प्रकाशन, 28 मार्च उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह आबंटन, 29 मार्च समस्त मतदान 12 अप्रैल जिला के निर्धारित मतदान केंद्र पर समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रक्रिया होगा।

## धान की बिक्री रकम वापस मांगने पर आरोपी ने मारपीट कर सोने का चेन छीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

धान बिक्री की शेष रकम को वापस मांगने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट और सोने की चेन छीनने के मामले में सरायपाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आवेदक डिग्रीलाल पटेल पिता हरिशंकर पटेल (47 साल) निवासी मोखापुटका थाना सरायपाली जिला महासमुंद द्वारा आरोपी नीलेश अग्रवाल पिता भरतलाल अग्रवाल (32 साल) निवासी वार्ड नं 06 मेन रोड सरायपाली के विरूद्ध गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर सोने की चेन गले से खींच लेने मामले में परिवाद न्यायालय वैभव घृतलहरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली में प्रस्तुत करने पर न्यायालय के आदेश 08.08.25 के परिपालन में आरोपी नीलेश अग्रवाल के विरूद्ध के विरूद्ध धारा 378, 294 एवं 506 भा.द.सं. के अंतर्गत प्रारंभिक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया था। निर्देश के परिपालन के तहत पुलिस ने बताया कि डिग्रीलाल पटेल ने 29 मई 2024 को 49.40 क्विंटल धान का विक्रय 2000 रुपए प्रति क्विटल के दर से कुल 98, 800 रुपए का किया है। जिसपर आरोपी द्वारा उसे 90, 000 रुपए का भुगतान किया गया है तथा शेष राशि 8, 800 रुपए मांगने के लिए जब वह गया तब आरोपी ने गाली गलौज कर मापीट की और रकम वापस करने से मना कर दिया। साथ ही प्रार्थी के गले की सोने की चेन (60 ग्राम) को खींचकर ले गया और देने से इनकार कर रहा है। मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप



### परसापाली में हुई ग्रामसभा

**मुंडा**। जिले की ग्राम पंचायतों में 18 तारीख को ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत परसा पाली में ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम परसापाली के ग्राम सभा में अधिक संख्या में सम्मिलित हुआ। ग्रामसभा में पेयजल संचालन वह गांव के विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई, जिसमें सम्मिलित सरपंच भुवनेश्वरी यादव, सरपंच प्रतिनिधि हेमंत यादव, सचिव जीधन पटेल, खाद्य विभाग के नोडल अधिकारी विजय सर, उपसरपंच योगेश भारद्वाज, पंच परदेसी मानिकपुरी, देवनाथ महिपाल, नामू शांति बाई, यमुनेश्वरी मानकुवर बंजारे, श्याम बाई, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यशोदा बंजारे, मितानिन कमलेश्वरी मानिकपुरी, मोनिका बंजारे व संतोष यादव, पूर्णिमा, महेतरिन, नूतन, सरोज, हेमकुमारी, जय प्रकाश व ग्राम परसापाली के ग्रामवासी सम्मिलित थे।

### पुरेना खपरी में भागवत कथा आज से

**रिसदा**। जिला मुख्यालय से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम



पंचायत पुरेना खपरी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रामानुज साहू द्वारा आज से कराया जा रहा है। कथा 27 मार्च तक चलेगी। कथा वाचक आचार्य पं. नवीन कृष्ण होंगे।

### अब सीधे व्हाट्सऐप के माध्यम से दर्ज करा सकेंगे शिकायत, दे सकेंगे गुप्त सूचना




**महासमुंद**। पुलिस और आम जनता के बीच संवाद को आसान, तेज और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस ने "संवाद" नाम से एक नई डिजिटल पहल शुरू की है। यह पहल कांकेर पुलिस के "शिकायत हेल्प डेस्क" अभियान की तर्ज पर लागू की जा रही है, जिसके तहत अब नागरिक सीधे व्हाट्सऐप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे या किसी भी अवैध गतिविधि से जुड़ी गुप्त सूचना पुलिस तक पहुंचा सकेंगे। पुलिस प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि सूचनाकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

**एआई आधारित वर्गीकरण और रियल-टाइम मॉनिटरिंग**

"संवाद" के तहत व्हाट्सऐप चैटबॉट शिकायतों की फोटो या पीडीएफ को पुलिस अधिकारियों द्वारा डैशबोर्ड पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे शिकायतों के त्वरित निराकरण में मदद मिलेगी। एक मोबाइल नंबर से 7 दिनों में केवल एक शिकायत दर्ज की जा सकेगी। शिकायत की अद्यतन स्थिति व्हाट्सऐप के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी।

# भाजपा मंडल पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की तैयारी में जुटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल

भाजपा मंडल पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की तैयारी के लिए बैठक में प्रशिक्षण महाभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न सत्रों के आयोजन विषयवस्तु प्रशिक्षकों की जिम्मेदारी एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

इस दौरान संगठन की विचारधारा कार्य पद्धति एवं जनसेवा के मूल मंत्रों को प्रत्येक कार्यकर्ता तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की रणनीति भी तैयार की गई। मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात कर ही संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण महाभियान को केवल कार्यक्रम न मानकर संगठन सशक्तिकरण का माध्यम समझें और पूरी निष्ठा एवं ऊर्जा के साथ इसमें सहभागिता



**संगठन को सशक्त बनाने पर जोर**



निभाएं।बैठक में बूथ स्तर तक प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संचालित करने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सभी मोर्चों के नवनियुक्त अध्यक्षों को नये दायित्व मिलने पर शुभकामनायें प्रेषित किया गया। इस मौके पर महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष निर्मला साहू, दिलहरण जायसवाल, गणेशशंकर साहू, नर्मदा यादव, मंजू बंजारे, पार्षद अनुराधा कर्ष, पुनेश्वरनाथ मिश्रा, धर्मेंद्र पैंकरा, अनिल श्रीवास, कमल कैवर्त्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा मंडल के ज्येष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित हुए थे।


### मुख्यमंत्री ने विधायक के सवालों का बारी बारी से दिया जवाब

# विधायक कविता ने विधानसभा में उठाए जनहित के अनेक मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ के हक की मजबूत आवाज बनीं विधायक कविता प्राण लहरे, विधानसभा में उठाया जिला-स्तरीय विभागों का मुद्दा; संयुक्त जिला होने के बावजूद सुविधाओं से वंचित क्षेत्र। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में विधायक कविता प्राण लहरे ने विधानसभा क्षेत्र की जनता से जुड़ा मुद्दा उठाया गया। सदन में बिलाईगढ़ में जिला-स्तरीय विभागों की स्थापना का मुद्दा उठाते हुए सरकार से सवाल किया कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ संयुक्त जिला बनने के बावजूद बिलाईगढ़ क्षेत्र के नागरिकों को आज भी जिला-स्तरीय कार्यों के लिए सारंगढ़ जिला मुख्यालय पर क्यों निर्भर रहना पड़ रहा है।

विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वीकार किया कि जिला-स्तरीय कार्य जिला मुख्यालय से संचालित होने के कारण बिलाईगढ़ क्षेत्र के नागरिकों को अभी भी सारंगढ़ जिला मुख्यालय पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में बिलाईगढ़ क्षेत्र में कोई जिला-स्तरीय विभाग स्थापित नहीं है और यहां केवल बिलाईगढ़ अनुभाग है, जहां अनुभाग स्तर के अधिकारी पदस्थ हैं



**बिलाईगढ़ क्षेत्र में कोई जिला-स्तरीय विभाग स्थापित नहीं**

**अब तक बिलाईगढ़ क्षेत्र में किसी भी प्रमुख जिला-स्तरीय विभाग की स्थापना नहीं हो पाई**

और उन्हीं के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सारंगढ़-बिलाईगढ़ को संयुक्त जिला बनाया गया था। उस समय क्षेत्र में यह उम्मीद जगी थी कि संयुक्त जिला बनने के बाद प्रशासनिक संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ जिला-स्तरीय विभाग सारंगढ़ में और कुछ बिलाईगढ़ में स्थापित किए जाएंगे, ताकि दोनों क्षेत्रों के लोगों को समान रूप से प्रशासनिक सुविधाएं मिल सकें।

लेकिन जिला गठन के कुछ ही समय बाद प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया और भाजपा की सरकार बन गई। इसके बावजूद अब तक बिलाईगढ़ क्षेत्र में किसी भी प्रमुख जिला-स्तरीय विभाग की स्थापना नहीं हो पाई है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जब सारंगढ़-बिलाईगढ़ को संयुक्त जिला बनाया गया है तो प्रशासनिक सुविधाओं का भी समान वितरण होना चाहिए। लोगों ने सरकार से मांग की है कि बिलाईगढ़ में भी जल्द से जल्द कुछ प्रमुख जिला-स्तरीय विभाग स्थापित किए जाएं, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके और उन्हें अपने छोटे-बड़े प्रशासनिक कार्यों के लिए बार-बार सारंगढ़ नहीं जाना पड़े।

# ईदगाह चौक में लगी हाइमास्ट लाइट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय ईदगाह चौंक वार्ड 17 में मिनी हाई मास्ट की रोशनी से चौक जगमगा उठा, नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा उक्त लाइट लगाए जाने की पार्षद शेख सलमान की मांग को पूरा करते हुवे लगवाया गया। इस अवसर पर पर वार्ड वासियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षद शेख सलमान द्वारा लाइट के उद्घाटन स्वरूप उनके हाथों से स्विच चालू करवाया तत्पश्चात पार्षद और वार्डवासियों द्वारा अध्यक्ष अशोक जैन को भेंटस्वरूप गुलाब का पौधा दिया गया। इस लाइट के लग जाने से ईदगाह चौंक के समीप रौशनी होने से अपराध में कमी और पुलिस विभाग के सी सी टी वी कैमरे का की छमता भी बढ़ जाएगा, साथ ही इस चौंक की सुंदरता भी बढ़ने लगी है। इस अवसर पर वार्डवासी रामजी सेन, जानी खान, इब्राहिम खान, सूरज वैष्णव, शाहरुख खान, जगन्नाथ यादव, आरिफ चौहान, फिरोज खान, राजा खान, अमान खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

■ नपा अध्यक्ष अशोक जैन औ पार्षद सलमान शेख ने किया शुभारंभ

# नवरात्रिः आज बोया जाएगा जंवारा, गूंजेंगे जसगीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

गुड़ी पड़वा चैत्र नवरात्रि पर्व 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा हैं। नवरात्रि पूरी कर ली गई है। 26 मार्च को दुर्गाष्टमी महाअष्टमी व्रत 27 मार्च को श्रीराम नवमी व्रत गांव के गुड़ी चौंक में महामाया दाई के मंदिर में ज्योत प्रज्वलित और जवारा बोया जाएगा। भक्तों ने आस्था और भक्ति के साथ ज्योति कलश स्थापना किया जाएगा।

भक्तों ने अपना मनोकामना पूर्ण करने के लिए ज्योत प्रज्वलित किया जाएगा। चैत्र नवरात्र पर्व में घटस्थापना किया जाएगा। नौ दिनों तक गांव में भक्तिमय माहौल बना रहेगा। धर्म कर्म माता के दरबार में भक्तों का भीड़ जुटेगा आस्था का केंद्र बिंदु बना रहेगा। यहां के महामाया दाई आकरस देवी हैं। माता के दरबार में सुबह और शाम को



पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया जाएगा। माता के दरबार में जयकारे से गूंजेंगे माता के दरबार में जसगीत भी होगा। माता ने नौ दिनों तक अलग अलग रूप धारण लेकर आएगा। नवरात्रि पर्व में भक्तों ने अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए उपवास रहते हैं। आस्था और श्रद्धा से भक्तिमय माहौल बना रहेगा। नवरात्र पर्व पर विशेष रूप से पूजा अर्चना किया जाएगा। धर्म कर्म माहौल बना रहेगा। माता के दरबार में जगमगाएगा।

# रामायण से भक्तिमय हुआ वटगन, संत की उपस्थिति से बढ़ी शोभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



ग्राम वटगन में आयोजित अखंड रामायण का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। समापन दिवस पर पूरा ग्राम भक्ति रस में सराबोर नजर आया। आयोजन के दौरान राम कथा के माध्यम से धर्म, नीति और आदर्श जीवन का संदेश दिया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक श्रवण किया। पूरे आयोजन काल में गांव में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से पीके वर्मा, नीलकमल वर्मा, गोलू वर्मा, अर्जुन वर्मा, दिनेश वर्मा, यश वर्मा, मयंक वर्मा, लखन वर्मा, पुनाराम वर्मा, कुबेर वर्मा, बड़कू वर्मा, मुकुंद वर्मा, मिथिलेश चंद्राकर, मनोज वर्मा, सत्रोहन वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, मायाराम वर्मा, रोहित वर्मा, लखन ध्रुव, नीरज पटेल, परशु वर्मा, गोपू वर्मा, गोपी वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, गनी वर्मा, किशन वर्मा, करण यादव, अंशु वर्मा, ऋषभ वर्मा, राहुल वर्मा, संतराम यादव, गोवर्धन वर्मा, बाबूलाल बंजारे, जनपद सदस्य उमेश यदु, धर्म चंद्राकर, अमन वर्मा, लक्खा वर्मा, अश्वानी कन्नौज एवं सीताराम कन्नौज सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

समापन के साथ ही आयोजकों ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने की बात कही।

■ भक्ति रस में सराबोर नजर आया

# साहू समाज ने मनाई मां कर्मा जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की जयंती साहू धर्मशाला में मनाई गई। स्वजातीय लोगों ने मां कर्मा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। लवन ब्लाक अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि मां कर्मा देवी ने सत्रहवीं सदी में राजस्थान के कालवा गांव में जन्म लेकर समाज को भक्ति, समानता व सेवा का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि मां कर्मा बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं और उन्हें खिचड़ी का प्रसाद अर्पित करती थीं, जो आज भी आस्था का प्रतीक माना जाता है।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू ने कहा कि संतशिरोमणी मां कर्मा देवी के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं उन्होंने युवाओं से शिक्षा को जीवन का आधार बनाने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है।समाज के सचिव नंदकिशोर साहू ने कहा कि आने वाले वर्षों में मां कर्मा देवी की जयंती को और अधिक भव्य व व्यापक रूप से मनाया जाएगा।

वहीं वकील गोपाल साहू ने समाज का संगठित होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस जयंती में समारोह में समाज के अध्यक्ष गोपी साहू, सचिव नंदकिशोर साहू, संगठन सचिव भारत भूषण साहू, रामकुमार साहू, संतोष साहू, योगेश साहू, नरेंद्र साहू, गोपाल साहू, श्रीचंद साहू, ओमप्रकाश साहू, रविकांत साहू, थारीचंद साहू सहित सैकड़ों की संख्या साहू समाज लोग मौजूद थे।

# निश्चल मित्रता और भक्ति की अनुपम कथा है भगवान कृष्ण और विप्र सुदामा का चरित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम कुसमी प में चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिवस सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाया गया। आयोजक नंदकुमार वर्मा, नीरा वर्मा, लोकेश्वर प्रसाद वर्मा, प्रीति वर्मा द्वारा आयोजन किया गया है, जिसमें कथा व्यास पं रामनाथ तिवारी महाराज श्रीधाम वृन्दावन उत्तर प्रदेश ने कहा कि सुदामा चरित्र कथा एक परम निर्धन ब्राह्मण सुदामा की है, जो अपनी पत्नी के आग्रह पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारका जाते हैं।

मित्रता का आदर्श द्वारकाधीश श्रीकृष्ण ने मित्र सुदामा को न केवल गले लगाया, बल्कि उनके चरणों के छाले अपने आंसुओं से धोए, जो मित्रता का सर्वोच्च उदाहरण है। सुदामा कुछ मांगने नहीं, केवल मित्र से मिलने गए थे। वे संकोचवश संबल (चावल) भी नहीं दे पा रहे थे, लेकिन कृष्ण ने उसे ही अमृत समझ कर ग्रहण किया।

■ कुसमी प श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिवस



सुदामा ने कुछ नहीं मांगा, फिर भी कृष्ण ने उनकी दरिद्रता दूर कर दी। सुदामा चरित्र हमें सिखाता है कि ईश्वर प्रेम के भूखे हैं, धन-दौलत के नहीं। यह सच्ची मित्रता में अमीरी-गरीबी न होने का संदेश देता है। राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनाई। तक्षक नाग द्वारा श्राप वश डसे जाने के पूर्व, परीक्षित को सुखदेव मुनि ने भागवत कथा के माध्यम से मोक्ष का मार्ग दिखाया, जिससे परीक्षित को अजर-अमर पद प्राप्त हुआ। राजा परीक्षित ने कलयुग के प्रभाव में आकर ऋषि शमीक के गले में मृत सर्प डाला था, जिसके बाद ऋषि श्रृंगी ने सातवें दिन तक्षक द्वारा मृत्यु का श्राप दिया। श्राप की जानकारी मिलने के बाद, परीक्षित ने सात दिनों तक अन्न-जल त्याग कर शुकदेव जी से श्रीमद्भागवत कथा श्रवण की, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक के काटने के बाद भी परीक्षित भगवान के स्मरण में लीन रहे और उन्हें परमधाम की प्राप्ति हुई। इस अवसर पर टेसूलाल धुरंधर प्रदेश सह संयोजक भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ, यशवर्धन मोनु वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, मिथलेश मुकेश साहु अध्यक्ष भाजपा मंडल संडी, मुकेश साहू प्राधिकृत अधिकारी प्राथमिक सहकारी समिति ससहा, भुषण ठेठवार पार्षद पलारी, योगी वर्मा मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा सहित प्रबुद्ध जन जन प्रतिनिधियों अंचल के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बलौदाबाजार**। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला शाखा बलौदाबाजार द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिला संयोजक डॉ. एल. एस. ध्रुव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के नाम यह ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मोदी की गारंटी के अनुरूप जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर सहित कर्मचारियों के खातों में शीघ्र जमा




करने की मांग की गई। इसके अलावा प्रदेश में कर्मचारियों को 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर चार स्तरीय पदोन्नति समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी शामिल है। फेडरेशन ने कुल 11 सूत्रीय मांगों को रखते हुए शासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। इस दौरान बेनीराम साहू, विजय कुमार साहू, कामता जांगड़े, बालेश्वरी साहू, संतोष साहू, विनोद कुर्रे, अविनाश तिवारी एवं मनोज दुबे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## शुभ संयोग में आरंभ होगी चैत्र नवरात्रि

**खरोरा।** इस वर्ष की चैत्र नवरात्रि अत्यंत शुभ ज्योतिषीय योगों के साथ प्रारंभ हो रही है। ज्योतिषाचार्य पं. धनंजय शर्मा के अनुसार इस बार नवरात्रि में कई दुर्लभ और मंगलकारी योग बन रहे हैं, जो जनमानस के लिए विशेष फलदायी सिद्ध होंगे। नवरात्रि के प्रारंभ में सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का संयोग बन रहा है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इन योगों में किए गए कार्यों में सफलता मिलती है तथा धन-लाभ और उन्नति के मार्ग खुलते हैं। इसके साथ ही गुरु-चंद्रमा के शुभ संयोग से गजकेसरी योग जैसा प्रभाव निर्मित हो रहा है, जिससे मान-सम्मान में वृद्धि और बुद्धि-विवेक का विकास होगा। वहीं रवि योग के प्रभाव से बाधाओं का नाश होगा और कार्यों में तेजी आएगी।

## नवोदय विद्यालय के लिए संजीव का चयन

**अर्जुनी।** सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी में अध्ययनरत कक्षा 5वीं के छात्र संजीव वर्मा का नवोदय विद्यालय लवन के लिए चयन हुआ। इनका कुछ दिन पहले ही सैनिक स्कूल में भी चयन हो चुका है। इनके बड़े भाई हर्षित वर्मा का भी नवोदय विद्यालय व सैनिक स्कूल में चयन हुआ है, जो अभी जवाहर नवोदय विद्यालय में पढ़ाई कर रहा है। यह हमारे ग्राम अर्जुनी के लिये गर्व की बात है कि एक ही घर से दोनों भाइयों का चयन नवोदय विद्यालय व सैनिक स्कूल के लिए हुआ है। इसका श्रेय अपने माता-पिता दादा-दादी एवं गुरुजनों को है। संजीव वर्मा आनंद प्रिंटर्स व स्टूडियो के संचालक आनंद वर्मा के सुपुत्र है।



## प्राथमिक स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



**खरोरा।** प्राथमिक शाला बुड़ेनी के कक्षा पांचवी के छात्र गजेंद्र दीवान पिता गोपाल प्रसाद दीवान के जन्म दिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के सरपंच उतरा ध्रुव, एसएमसी अध्यक्ष टेनु राम वर्मा, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण घृतलहरे, वर्तमान उपाध्यक्ष अनीता साहू, नागरिक रविंद्र शर्मा शामिल हुए। प्राथमिक शाला बुड़ेनी के स्टाफ द्वारा बच्चे को उपहार दिया गया। तत्पश्चात शाला के सभी बच्चों को केला, मिठाई, चॉकलेट, खीर, पूरी, चावल, दाल, सब्जी परोसा गया । संकुल के समस्त शिक्षक आमंत्रित थे, जिसमें नवीन प्राथमिक शाला बेलदार सिवनी के प्रधान पाठक ओमप्रकाश वर्मा, स्टाफ रोशन लाल साहू, नरेंद्र कुमार ध्रुव, दुर्गेश साहू एवं प्राथमिक शाला बुड़ेनी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## धौराभाठा घो. के दो छात्रों का नवोदय स्कूल में चयन



**गोपालपुर।** विकासखण्ड बिलाईगढ़ अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा (घो) के दो छात्र का नवोदय स्कूल में चयन हुआ है। खिलेश कुमार मनहर, ग्राम गोरी मृत्युंजय घृतलहरे ग्राम भिनोदा, उक्त दो छात्रों का चयन हुआ है। उनके गांवों मे आज तक और किसी का चयन नहीं हुआ है। इन्ही लोगों ने पहले बार उस गांवों खाता घोले हैं। इन बच्चों के नवोदय मे चयन होने पर परिवार, गांव, समाज और आस पास के क्षेत्रों में खुशी का वातावरण निर्मित है। इन बच्चों चयन का श्रेय गुरुजन, माता पिता अभिभावक व इनकी कड़ी मेहनत रहा, साथ साथ स्कूल के शिक्षकों शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में सभी स्पीकरों का किया स्वागत

### महिला अधिकार और कानून की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में तीन दिवसी फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का अंतिम दिवस सभी स्पीकर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्पीकर डॉ. राहुल तिवारी ने लीगल एंड पॉलीटिकल राइट्स एंड जेंडर इक्विटी टॉपिक में अपने विचार व्यक्त किया तथा अलग-अलग कार्य क्षेत्र में महिलाओं के अधिकार व कानून की जानकारी साजा की।

वह राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता के बारे में बताया द्वितीय सत्र में स्पीकर डॉक्टर अनिल मांझीद्वारा सोशल राइट्स एंड जेंडर इक्विटी पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसमें उन्होंने रूल ऑफ में रूल ऑफ मैग्ना कार्टा रूल ऑफ़ लॉ की जानकारी प्रदान किया साथी सेक्स, जेंडर आइडेंटी, जेंडर एक्सप्रेस, सेक्सुअल ओरियंटेशन क्या होता है उसकी जानकारी प्रदान की गई। तृतीय सत्र में आत्माराम वर्मा सहायक अध्यापक बिजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध 1942 में महिलाओं की भागीदारी के बारे में बताया तथा एनडीए में महिलाओं की भागीदारी के बारे में अपने विचार व्यक्त किया। तत्पश्चात डॉ.एके उपाध्याय प्राचार्य शासकीय कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार द्वारा लैंगिक समानता पर अपने विचार व्यक्त किया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं की कमी देखी जाती है तथा हमें कोशिश करनी चाहिए कि दोनों को बचपन से ही समान अवसर प्रदान करना चाहिए। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को रामायण पत्र तथा वक्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्राचार्य कल्पना उपाध्याय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय अध्यापक व प्रतिभागी प्राध्यापक व सहायक अध्यापक व प्रतिभागी छात्राएं उपस्थित रही।





### पर्व : सिंधी भाषा और परंपरा को मिलेगा संबल

# 5 दिवसीय चेट्रीचंड्र महोत्सव का शुभारंभ सिंधी फिल्म वरदान तीन के प्रदर्शन से किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेट्रीचन्ड्र का पांच दिवसीय आयोजन 16 मार्च से हुआ। पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के महासचिव राजेश छाबड़िया व पूज्य बिरादरी पंचायत के सचिव महेश चंदानी ने बताया कि पांच दिवसीय आयोजन के अन्तर्गत प्रथम आयोजन सिंधी भाषा संस्कृति को बढ़ावा व पारवारिक एकता को प्रदर्शित करती सिंधी फिल्म वरदान 3 का 4 शो का आयोजन स्थानीय सिटी सेंटर माल में रखा गया। कार्यक्रम का प्रारंम्भ भगवान झूलेलाल की आरती व पल्लव पहनकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश बालानी द्वारा किया। इस अवसर पर डॉ. श्री वासुदेव ठाकुर, परसराम मंधान व रायपुर से विशेष रूप से आए श्री मोनू आहूजा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के मुखिया इंदरलाल थारानी, भीषम गुरयानी एवं रूपचंद थारानी, रहंदा गेहाणी, जयराम काछेला, राजाराम बजाज, जयराम बजाज सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सम्पन्न करने कैलाश बालानी, नंदलाल तनवानी, राजेश छाबड़िया, महेश चंदानी, गिरीश सचदेव, विक्की छाबडिया, दिनेश सचदेव, रोहित तनवानी, शंकर ठाकुर, मंगलानी आदि उपस्थित थे।

## संगीत संध्या में झूमे समाज के सदस्य रक्तदान शिविर व आनंदमेला लगा



**भाटापारा।** भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेट्रीचन्ड्र (सिंधीयत दिवस)के अवसर पर आयोजित पाँच दिवसीय आयोजन के अन्तर्गत 17 मार्च को कोतमा के गायक पंकज मोटवानी का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। महासचिव राजेश छाबड़िया व पूज्य बिरादरी पंचायत के सचिव महेश चंदानी ने बताया कि कार्यक्रम में पंकज मोटवानी के गीतों पर समाज के पुरूष व महिलाओं ने नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर इंदरलाल थारानी, भीषम गुरयानी, कैलाश बालानी, जगदीश लालवानी, नंदू तनवानी, महेश चंदानी, राजेश छाबड़िया, सुरेश खत्री, नितिन भोजवानी, विक्की छाबड़िया उपस्थित रहे। 18 मार्च को सुबह 10 बजे आशीर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर पूनम लखवानी, वर्षा ग्वालानी, कोमल पोपटानी, विजय लखवानी, जगदीश जसूजा ने अपनी सेवाएं दी एवं शाम को 4 बजे महिला मंडल द्वारा श्री गोदडीवाला धाम में आनंद मेले का आयोजन किया, जिसका शुभारंम्भ पूज्य भाभी अंबीदेवी गोदवानी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर व केक काटकर किया गया। इस अवसर पर शीतल आर्य,रेखा माधवानी,आशा सबलानी,सोनी छाबड़िया,कनक माधवानी,अंजू सहेता,रीमा बत्रा, प्रिया माधवानी, सुनीता माखीजा आदि उपस्थित थे।

## दसवीं, बारहवीं और आईटीआई उत्तीर्ण छात्रों के लिए रोजगारोन्मुखी निःशुल्क कोर्स 1 अप्रैल से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित अलाइन पाठ्यक्रमों और लॉन्ड्री ऑपरेशंस स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का आवासीय कौशल प्रशिक्षण 1 अप्रैल से प्रारम्भ होगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क, व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुखी होगा। प्रशिक्षण अवधि में आवास, भोजन एवं आवश्यक सुविधाए प्रशिक्षण संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए अंतिम तिथि 30 मार्च तक इच्छुक दसवीं बारहवीं आईटीआई उत्तीर्ण युवक युवती कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में नोडल अधिकारी पुरुषोत्तम स्वर्णकार और वरिष्ठ लिपिक लीलाधर अजगले से सम्पर्क कर सकते हैं। राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) अंतर्गत सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट और द लॉन्ड्री बैग के द्वारा केवल आवासीय एवं ओजीटी आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत मूल्यांकन, प्रमाणीकरण एवं यथासंभव प्लेसमेंट मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। यह राज्य के युवाओं को रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के साथ दोनों संस्था श्री सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट और द लॉन्ड्री बैग द्वारा संपादित एमओयू के आधार पर किया जा रहा है।

## चैत्र नवरात्रि आज से, माता पालकी में आएंगी



**खरोरा।** इस वर्ष 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस बार माता रानी का आगमन पालकी (डोली) पर माना जा रहा है, जबकि विदाई हाथी पर होगी। ज्योतिषाचार्य आचार्य धनंजय शर्मा के अनुसार पालकी पर माता का आगमन देश में रोग, कष्ट और कुछ अशांति के संकेत देता है। इसे देखते हुए लोगों को स्वास्थ्य और सामाजिक सतर्कता बरतने की सलाह दी जाती है। हालांकि नवरात्रि के नौ दिनों में श्रद्धा, पूजा-पाठ और संयम से नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है।

# रावन के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में 350 महिलाओं ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट रावन सी-एस-आर द्वारा महिला सशक्तिकरण आयोजन पर सी-एस-आर- केंद्र में 350 से अधिक महिलाओं की सहभागिता रहीं। कार्यक्रम के तहत केंद्र रावन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीतू सिंह अध्यक्ष नीर तरंग महिला मंडल एवं यूनिट हेड राजेश कुमार की गरीमामयी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में 15 गांवों की 350 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच, जनपद सदस्य, आर-एच-ओ- सी-एच-ओ- मितानीन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वच्छता समूह एवं स्वयं सहायता समूह की भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष नीर तरंग महिला मंडल एवं यूनिट हेड राजेश कुमार, ग्राम पंचायत सरपंच, जनपद सदस्य, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया इसके पश्चात महिला सशक्तिकरण के महत्व को दर्शाती सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गईं। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा, अक्षय प्रकाश झा सेक्शन हेड एडमिन, सी-एस-आर- प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर टीम के सदस्य द्वारिका वर्मा, सुरेंद्र कुमार यादव, ताराचंद वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, सुनिता निषाद एवं साहिल बांधे की भागीदारी रही।



# नगर में 15 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल

नगर में विकास को नई दिशा देते नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने मां कर्मा माता चौक में अध्यक्ष निधि अंतर्गत 10 लाख की लागत राशि से सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन किया।

वहीं साहू समाज परिसर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 5 लाख की राशि से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भी विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि कसडोल के समग्र विकास सौंदर्यीकरण एवं जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर के हर वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से जहां मां कर्मा चौक का स्वरूप आकर्षक बनेगा वहीं साहू समाज परिसर में व्यवस्थाएं बेहतर होंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत सभापति रामा धीवर, पार्षद भानुप्रताप साहू, संजय साहू, भगवती साहू, नगर साहू संघ के अध्यक्ष गुनीराम साहू, प. भूषण दुबे, अजय साहू, नगर पंचायत इंजीनियर आशीष अग्रवाल, कर्मचारी छोटू साहू, मोहन पाठक, मनोज पाठक एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही। सभी ने इन विकास कार्यों की सराहना करते हुए इसे नगर के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया।



### विवाह के 50 वर्ष पूर्ण कर चुके दंपतियों को मिला लाभ

# विप्र फाउंडेशन ने बुजुर्ग दंपत्तियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्षा उमा रेखू शर्मा के नेतृत्व में कुंदन भवन में गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया,जिसमें विवाह के 50 वर्ष पूर्ण कर चुके दंपतियों को सम्मान कर उनका आशीर्वचन लिया गया।

राजस्थानी त्योहारों में प्रमुख अखंड सौभाग्य का पर्व गणगौर का अपना अलग महत्व है। जिसे सभी सुहागिनें अपने सुहाग की रक्षा हेतु एवम् कुंवारी कन्या मनपसंद सुयोग्य वर प्राप्ति हेतु पूजती है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला बलौदाबाजार भाटापारा विप्र फाउन्डेशन महिला प्रकोष्ठ द्वारा अखंड सौभाग्यवती सम्मान का आयोजन किया गया। इसमें अपनी पचासवीं विवाह वर्षगांठ पूरे कर चुके समाज के तेरह जोड़ों कार्तिक लाल कृष्णा शर्मा, घनश्याम सरोज शर्मा, श्रीलाल प्रमिला शर्मा, ओमप्रकाश उमा शर्मा, सीताराम चंपा पटाक, ओमप्रकाश शकुंतला ओझा, तोलाराम कमला देवी तिवारी, छगनलाल कांता शर्मा, मुरारी लाल कृष्णादेवी शर्मा, रमेश सुशीला तिवारी, पुरूषोत्तम द्वारिका देवी तिवारी, मोहनलाल विमला देवी शर्मा का सम्मान बड़ी आत्मीयता से करते हुए उन्हें शॉल, श्रीफल, माला पहनाकर एवं महिलाओं को चुनरी ओढ़ाकर सुहाग सामग्री भेंट की गयी। इस अवसर पर लालसोट समाज अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी,डॉ बसंत भृगु,आदिगौड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष शरद भृगु ,तथा विप्र फाउन्डेशन जिला अध्यक्ष सोनू पटाक, समाजसेवी राजकुमार शर्मा, धनजी जोशी, नंदकिशोर सेवाका, प्रमेन्द्र तिवारी,बिहारी जोशी, आशीष पुरोहित सहित अन्य पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अंजू भृगु, सीमा शिवरतन शर्मा, शिवानी शर्मा, किरण जोशी, मोहिनी चौबे, ऊषा भृगु, किरण तिवारी, मणि शर्मा, सुशीला तिवारी, लता शर्मा, बबिता भृगु, आशा पुरोहित, उमा पटाक, मीता शर्मा, वंदना शर्मा, चंद्रकिरण शर्मा, सुलेखा शर्मा , सुनिता हट्टीका, रीता चौबे, साक्षी शर्मा, शशि पांडे, ज्योति शर्मा, पिंकी शर्मा, ममता मादु, योगिता शर्मा, प्रियंका शर्मा चंदा शर्मा, स्नेहिल ओझा सहित विप्र समाज की महिलाएं उपस्थित थी।



